कार्यक्रम ▸ नगर निगम कार्यालय में किया गया जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

# सरकार की योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित

**नवभारत, कटनी।** शासन की चिन्हित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ सोमवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त तपस्या परिहार की भी मौजूदगी रही। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि और उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कह कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है, इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की



प्राथमिकता है। केन्द्र और राज्य सरकार के माध्यम से संचालित योजनाओं से हर गरीब का विकास हो रहा है, देश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए गुड गवर्नेंस के तहत आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान उपस्थित जनों से किया। सांसद ने तीन दिवसीय आयोजित होने वाले शिविरों के दौरान विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है। सरकार द्वारा महिला युवा, किसान सहित हर वर्ग के समुचित विकास करने के प्रयास किए जा रहे है। शासन की मंशा के वंचित पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए किए गए प्रयासों के तहत तीन दिवसीय शिविर का आयोजन निगम कार्यालय में किया गया है। आपने उपस्थित जनों से आस पडोस के जरूरतमंद नागरिकों को भी शिविर की जानकारी देकर कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सहयोग करने के लिए कहा। शिविर के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, समग्र आईडी और राशन कार्ड, सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन अनुज्ञा, भवन नामांतरण, ट्रेड लायसेंस सेवाओं, सहित मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित नवीन स्वरोजगार रोजनाओं के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए जाकर उनका पंजीयन किया गया। सांसद और उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर स्थलों में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं और सेवाओं की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं की सराहना की कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं, सेवाओं के स्वीकृति पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। इस दौरान पीएम स्वनिधि के हितग्राही श्रीमती दुर्गावती, अंकिता नामदेव, श्रुति बर्मन, ममता बर्मन, अमर कुमार, प्रकाश कुमार तिवारी सहित अन्य को हितलाभ का वितरण किया गया।



## संगीतमय सुंदरकांड, भजनों की धुन में झूमे श्रद्धालू

▸ अग्रवाल समाज द्वारा कराया गया आयोजन

**नवभारत, कटनी।** अग्रवाल समाज के तत्वावधान में पवित्र पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में माई नदी स्थित अग्रवाल घाट के पास आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे दीप प्रज्ज्वलन और हनुमान चालीसा के साथ हुआ। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पवन मित्तलट्ट और सचिव आनंद राज अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। सुप्रसिद्ध गौतम बंधु शुभम गौतम और शिवम गौतम ने ढोलक, हारमोनियम और तबले की मधुर धुनों पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। मंगल भवन अमंगल हारी और बजरंग बाण पर पूरा परिसर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। सुंदरकांड के बाद गौतम बंधुओं ने 'हे दुख भंजन मारुति नंदन' और 'दुनिया चले न श्री राम के बिना' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नाचने लगे। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के सैकड़ों स्वजातीय बंधु, महिलाएं और नगर के गणमान्य नागरिक सपरिवार शामिल हुए। माई नदी के किनारे भक्तिमय माहौल बन गया। पाठ के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को भगवान हनुमान जी का प्रसाद और अल्पाहार दियागया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पवन मित्तल ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में सुंदरकांड पाठ से घर में सुख शांति आती है। गौतम बंधुओं ने भक्ति रस से सभी को सराबोर कर दिया। सचिव आनंद राज अग्रवाल ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन देर रात तक किया गया।

### एक नजर में

## ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन आज

**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से आयोजित 11 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन और प्रतिभा सम्मान समारोह सोमवार 16 जून को दोपहर 4 बजे से स्वामी विवेकानंद सभागार बस स्टैंड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शिविर के दौरान विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक, रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा 5 जून से 15 जून तक आयोजित इस शिविर में बच्चों को खेल, कला, सांस्कृतिक गतिविधियों, नृत्य, संगीत, चित्रकला, हस्तकला और व्यक्तित्व विकास से संबंधित विविध प्रशिक्षण दिए गए हैं। समापन समारोह में शिविर के दौरान तैयार की गई कलाकृतियों, आर्ट और क्राफ्ट सामग्री, पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ होगा। इसके बाद अतिथियों का स्वागत, ग्रीष्मकालीन शिविर का संक्षिप्त परिचय, लघु फिल्म प्रदर्शन, विद्यार्थियों द्वारा तैयार रचनात्मक कृतियों का अवलोकन कराया जाएगा। समारोह में स्केटिंग सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

## मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

▸ शिकायत के बाद ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** शराब पीने के लिए जबरन वसूली, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी महेश यादव को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि झिर्री गांव निवासी आरोपी महेश यादव (37 वर्ष) ने गांव के ही धन्नोलाल यादव (30 वर्ष) को रोककर शराब पीने के लिए जबरन रुपयों की मांग की थी। जब धन्नोलाल ने अपनी मेहनत की कमाई देने से इनकार किया, तो आरोपी महेश अपनी



आपराधिक करतूत पर उतारू हो गया। उसने फरियादी के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर ढीमरखेड़ा पुलिस ने मामला दर्ज करनते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी, एएसआई विजेन्द्र तिवारी, आरक्षक जागेश्वर सहित अन्य स्टाफ की भूमिका रही। पुलिस की इस सख्ती क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में खौफ है।

## 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं, तो मूलभूत सेवाएं कर देंगे बंद

▸ नगर निगम कर्मचारियों से मारपीट का मामला, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, बाकल।** नगर निगम के कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट और अभद्रता का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। कार्यालय में घुसकर की गई मारपीट से नाराज नगर निगम के सभी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सैकड़ों कर्मी सोमवार को लामबंद होकर कोतवाली थाने पहुंच गए। कर्मचारियों ने कोतवाली का घेराव करते हुए एसपी के नाम डीएसपी रत्नेश मिश्रा को एक लिखित ज्ञापन सौंपा और आरोपियों की तत्काल



गिरफ्तारी की मांग की। नगर निगम के कर्मचारी नेता जागेश्वर पाठक ने बताया कि यह पूरा मामला नगर पालिक निगम की अतिक्रमण शाखा से जुड़ा हुआ है। 12 जून की रात लगभग साढ़े 8 बजे कुछ अराजक तत्वों ने ड्यूटी पर तैनात नगर निगम कर्मियों के साथ कार्यालय में घुसकर न सिर्फ गाली-गलौज और अभद्रता की और बेरहमी से मारपीट भी की। इस हमले के बाद से ही निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारी संघ ने पुलिस प्रशासन को दिए ज्ञापन में बेहद कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि शहर के विकास और आम जनता को मूलभूत सुविधाएं देने वाले कर्मचारियों पर हाथ उठाने वाले गुंडों पर सख्त से सख्त आपराधिक धाराएं दर्ज होनी चाहिए। जागेश्वर पाठक ने कहा कि अगले 24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो नगर पालिक निगम कर्मचारी संघ इकाई कटनी उग्र आंदोलन शुरू करेगी। इसके तहत पूरे निगम सीमा क्षेत्र में सफाई, पानी जैसी तमाम जरूरी सेवाएं पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी।

## लमतरा हादसे में एक और मौत, हादसा स्थल पहुंचे सांसद और विधायक

▸ सड़क के गड्ढे भरने और बड़े संकेतक लगाने के निर्देश

**नवभारत, उमरियापान।** कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा ओवरब्रिज के पास रविवार को हुए बस और हाइवा हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब चार हो गई है। सोमवार की दोपहर को एक और बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बुजुर्ग हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाने के खरखरी गांव के रहने वाले 65 साल के देवीदीन रजक रविवार को हुए इस एक्सीडेंट में गंभीर रूप



से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार दोपहर को उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टर्स ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन सिहोरा के पास पहुंचने के दौरान रास्ते में ही वे जिंदगी की जंग हार गए। हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है उनमें विजरयराघवगढ़ निवासी 30 वर्षीय किशन कोल, झिरिया निवासी 26 वर्षीय नीलम प्रजापति, विजयराघवगढ़ निवासी 30 वर्षीय राजू चौधरी और खरखरी गांव निवासी 65 वर्षीय देवीदीन रजक का नाम शामिल है।

वहीं सोमवार को सांसद वीडी शर्मा और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय पाठक हादसा स्थल पहुंचे और वहां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह जानने का प्रयास किया गया कि हादसा क्यों हुआ। हादसों को रोकने के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए गए। गड्ढों को भरने और दूर से दिखने वाले बड़े संकेतक लगाने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शाहडार के जंगल में दिखा बाघ, सतर्क रहने की सलाह

▸ जंगल की ओर नहीं जाएं ग्रामीण, रहें सावधान

**नवभारत,कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के शाहडार जंगल में वन्यजीवों की हलचल बढ़ गई है। सोमवार सुबह शाहडार ग्राम के शिवलिंग के पास सड़क किनारे एक बाघ आराम करता दिखा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार सुबह की है। जब कुछ राहगीर शाहडार के जंगल से गुजर रहे थे, तब उनकी नजर सड़क



किनारे बैठे बाघ पर पड़ी। बाघ शांत मुद्रा में आराम कर रहा था। राहगीरों ने सुरक्षित दूरी पर वाहन रोककर उसका वीडियो बनाया। बाघ ने राहगीरों पर कोई हमला नहीं किया और कुछ देर बाद जंगल की ओर लौट गया। वन विभाग ने राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों से कहा है कि वे इस मार्ग से गुजरते समय विशेष सावधानी बरतें। जान जोखिम में नहीं डालें, वन्यजीव दिखने पर नजदीक नहीं जाएं। ग्रामीणों के अनुसार शाहडार ग्राम के पास वन्यजीवों की आवाजाही बनी रहती है।

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

▸ स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तेवरी गांव के पास हुआ हादसा

**नवभारत,कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत जबलपुर-कटनी नेशनल हाईवे पर तेवरी गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसके कारण बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए युवकों की पहचान संतोष सेन और चंदू आदिवासी के रूप में हुई है, जो बिलहरी चौकी क्षेत्र के घूघरा गांव के रहने वाले थे। सोमवार दोपहर करीब साढ़े



तीन बजे दोनों अपनी मोटरसाइकिल से तेवरी की ओर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार दोनों युवकों ने जैसे ही नेशनल हाईवे से तेवरी गांव की ओर अपनी बाइक को मोड़ा, तभी कटनी से जबलपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी खतरनाक थी कि दोनों युवक बाइक से छिटककर हवा में उछले और सड़क पर काफी दूर जाकर गिरे। दोनों युवकों को सिर और शरीर पर बेहद गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई।

## सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूरा होने पर 12 युवाओं ने लिया अंगदान का संकल्प

▸ अंगदान का पंजीकरण करा प्राप्त किया ऑर्गन डोनर कार्ड

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय को समर्पित ऐतिहासिक 12 वर्ष पूरा होने के अवसर पर, उनके सेवा भाव, राष्ट्रहित एवं मानव कल्याण के कार्यों से प्रेरित होकर 12 युवाओं ने अंगदान के लिए पंजीकरण कर ऑर्गन डोनर कार्ड प्राप्त किए।

यह प्रेरणादायी पहल भारतीय जनता युवा मोर्चा, मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, युवा



सिख संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री और द मलंग फाउंडेशन के संस्थापक दिलराज अमर सिंह बग्गा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस अवसर पर युवाओं ने संकल्प लिया कि वे स्वयं अंगदान के प्रति जागरूक रहेंगे और समाज में भी इसके प्रति जनजागरण का कार्य करेंगे। अंगदान का संकल्प लेने वालों में दिलराज अमर सिंह बग्गा, रजत केसरिया, निहाल सोनी, अमित गौतम, कृष्णानंद पांडेय, विनय दीपक श्रीवास्तव, सुनील बंजारा, निखिल सोनी, सुमीत चौरसिया, दीपकमल जायसवाल, दीपांशु तिवारी, सौरभ गुप्ता शामिल रहे। इस अवसर पर दिलराज अमर सिंह बग्गा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 वर्षों में सेवा को शासन का आधार बनाया है। उनके नेतृत्व में जनकल्याण, संवेदनशीलता और मानवता की भावना को नई शक्ति मिली है। उन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर युवाओं ने अंगदान का यह संकल्प लिया है।

उन्होंने कहा कि अंगदान सिर्फ एक दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवन का दूसरा अवसर देने का संकल्प है। एक अंगदाता अपने निधन के बाद भी कई लोगों के जीवन में नई उम्मीद, नई मुस्कान और नया भविष्य दे सकता है। दिलराज ने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज का प्रत्येक जागरूक नागरिक अंगदान के महत्व को समझे और इस महापुण्य कार्य से जुड़े। युवाओं द्वारा लिया गया यह संकल्प न सिर्फ मानवता की सेवा का उदाहरण है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूरा होने के अवसर पर लिया गया यह संकल्प समाज में सकारात्मक परिवर्तन, मानव सेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

नवाचार ▸ नगर निगम द्वारा लगाए गए ग्रीष्मकालीन शिविर की सांसद ने की सराहना

# 20 अनुभवी प्रशिक्षक सरकारी स्कूलों के 284 छात्रों की निखार रहे प्रतिभा

**नवभारत, कटनी।** ग्रीष्मावकाश को सृजन अवकाश में बदलने की नगर निगम की मुहिम को सोमवार को उस समय विशेष बल मिला, जब खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा और महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने केसीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित ग्रीष्मकालीन प्रतिभा शिविर-2026 का अवलोकन किया। इस दौरान निगमायुक्त तपस्या परिहार भी मौजूद रही।

जनप्रतिनिधियों ने पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कुकिंग, शतरंज और सेल्फ डिफेंस के प्रशिक्षण सत्रों का सूक्ष्म अवलोकन कर छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया और उनके आत्मविश्वास



को नई उड़ान दी। निरीक्षण के दौरान सांसद और महापौर श्रीमती सूरी सर्वप्रथम आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष पहुंचे, जहां छात्राओं द्वारा बनाए गए वेस्ट मटेरियल से क्राफ्ट, पेंटिंग देखकर वे अभिभूत हो गए। कुकिंग सत्र में छात्राओं ने कुकिंग के तहत पौष्टिक व्यंजन बनाकर अतिथियों को स्वाद और स्वास्थ्य का संदेश दिया। शतरंज की बिसात पर तार्किक चालें चलतीं छात्राओं और सेल्फ डिफेंस के दांव-पेंच सीखतीं बालिकाओं का आत्मविश्वास देख सांसद ने कहा, इन बेटियों की आंखों में जो चमक है, वही नए भारत की पहचान है।

जब बेटियां हुनरमंद होंगी, तभी समाज सशक्त होगा। महापौर ने छात्राओं से बातचीत में कहा कि छात्र जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है सीखने का जज्बा। आप सब इस शिविर से जो कौशल ले जा रही हैं, वह जीवनभर आपकी पूंजी बनेगा। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने बताया कि निगम प्रशासन और 20 अनुभवी प्रशिक्षकों के दल द्वारा निगम के तीन स्कूलों में लगभग 284 विद्यार्थियों को एक साथ मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने के प्रयास किए जा रहे है।

सांसद ने नगर निगम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर निगम ने ग्रीष्मकालीन शिविर के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास का एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। ये शिविर नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। जनप्रतिनिधियों को अपने बीच पाकर छात्राओं का उत्साह दोगुना हो गया। छात्राओं ने सेल्फ डिफेंस का डेमो देकर कहा, की अब हम अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकते हैं।

जिसपर सांसद ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाने के लिए एक सुविधायुक्त सेंटर का चयन कर नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने की भी बात कही। कला और क्राफट सत्र के निरीक्षण के दौरान कक्षा 12 की छात्रा सावित्री चौधरी ने संसद को स्वयं के द्वारा निर्मित सुंदर कागज का गुलदस्ता भेंट किया गया। अतिथियों ने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ओवरलोड वाहन, शराब दुकान के खिलाफ प्रदर्शन

▸ कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर बैठे ग्रामीण

**नवभारत, कटनी।** बड़वारा क्षेत्र के मिशन चौक पर संचालित शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शराब दुकान को हटाने की मांग करते हुए सड़क पर बैठ गए, जिसके कारण जाम लग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में शामिल स्थानीय ग्रामीण ने प्रशासनिक उदासीनता पर आरोप लगाते हुए कहा कि बड़वारा क्षेत्र के व्यस्त और रिहायशी इलाकों में लगातार ओवरलोड वाहनों का आवागमन हो रहा है। इन भारी और अनियंत्रित वाहनों के कारण आए




दिन भीषण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने स्थानीय पुलिस और परिवहन विभाग पर इस पर लगाम लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का दूसरा बड़ा विरोध गांव में स्थित धार्मिक स्थल के पास शराब दुकान को लेकर था। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बड़वारा ग्राम के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर के बिल्कुल समीप शासकीय शराब दुकान संचालित हो रही है। इस दुकान के कारण मंदिर के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। शराबियों की हुड़दंगबाजी और अभद्र व्यवहार के कारण वहां से गुजरने वाली स्कूली छात्राओं, बच्चों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे धार्मिक माहौल दूषित हो रहा है। धरने की जानकारी मिलते ही पुलिस बल और मौके नायब तहसीलदार वहां पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन समाप्त हुआ और फिर आवागमन सामान्य हुआ।